Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems faced by Home Buyers in NOIDA and Gautam Budh Nagar.

डॉ. महेश शर्मा (गौतम बुद्ध नगर): अध्यक्ष महोदय, करोड़ों लोग आशियाने की तलाश में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर क्षेत्र में बिल्डर-बायर समस्या की जाल में फंस गए हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि मध्यमवर्गीय परिवार अपने जीवन की कमाई वहां पर इनवेस्ट कर चुके हैं। 25 प्रतिशत बिल्डर्स जेल जा चुके हैं या जेल जाने के कगार पर हैं। बायर्स की समस्या है कि आज वे बैंक्स का ब्याज भी दे रहे हैं और घर का किराया भी दे रहे हैं। उनको फ्लैट्स का पजेशन नहीं मिल रहा है। सरकार ने 'रेरा' का गठन किया है। लेकिन इसके माध्यम से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इससे बहुत सारे परिवार बहुत ज्यादा पीड़ित हैं। सरकार इस विषय में उचित कार्रवाई करके उन बायर्स को बचाए, उनके हितों का संरक्षण करे।

मैं आपके माध्यम से सरकार के सामने यह पक्ष रखना चाहता हूं। धन्यवाद।